हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026



# चार शुभ संयोग से प्रारंभ होगा सावन, आयुष्मान व सौभाग्य योग संग श्रवण नक्षत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल सावन का शुभारंभ कल 30 जुलाई से हो रहा है। पंचांग के अनुसार 29 जुलाई को रात 8 बजकर 5 मिनट से सावन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू हो गई है। 30 जुलाई को रात 9 बजकर 30 मिनट तक विद्यमान रहेगी। उदयातिथि के अनुसार सावन कृष्ण प्रतिपदा 30 जुलाई को है। इस बार सावन माह की शुरूआत 4 शुभ संयोग में हो रही है। सावन के पहले दिन आयुष्मान योग, श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग और गुरुवार व्रत है।

## उत्साह, श्रद्धाभक्ति के बीच माह भर होगी भगवान शंकर की आराधना

### आयुष्मान योग बनाएगा खास

सावन के पहले दिन प्रातःकाल में आयुष्मान योग बन रहा है, जो देर रात 12.05 एएम तक बना रहेगा। आयुष्मान योग व्यक्ति को उत्तम सेहत, आयु प्रदान करता है। इस शुभ योग में आप शिव पूजा करेंगे तो आपको आरोग्य की प्राप्ति होगी।

**सौभाग्य योग** : सावन कृष्ण प्रतिपदा तिथि में सौभाग्य योग भी बन रहा है, जो 30 जुलाई मध्यरात्रि पश्चात 31 जुलाई की रात्रि 12 बजकर 5 से लेकर देर रात 11 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। यह योग सुख और भाग्य में वृद्धि करने वाला है।

### चार सावन सोमवार

3 अगस्त- प्रथम सावन सोमवार
10 अगस्त - द्वितीय सावन सोमवार एवं सोम प्रदोष व्रत
11 अगस्त - सावन शिवरात्रि
17 अगस्त - तृतीय सावन सोमवार एवं नाग पंचमी
24 अगस्त - चतुर्थ सावन सोमवार
25 अगस्त- सावन भौम प्रदोष व्रत
27 अगस्त - सावन पूर्णिमा



### गुरुवार व्रत रखेंगी महिलाएं

सावन की शुरूआत गुरुवार दिन से हो रही है। गुरुवार के दिन व्रतधारी भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। सावन में प्रत्येक दिन शिव पूजन होता है। ऐसे में सावन के पहले दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा का उत्तम अवसर है।

**श्रवण नक्षत्र** : सावन कृष्ण प्रतिपदा के दिन श्रवण नक्षत्र है। श्रवण नक्षत्र के स्वामी ग्रह चंद्रमा है। वहीं श्रवण नक्षत्र के देवता भगवान विष्णु हैं। यह नक्षत्र मकर राशि में स्थित होता है। ऐसे में इसमें चंद्रमा और शनि की ऊर्जा होती है।

**संपूर्ण माह कर सकते हैं रूद्राभिषेक**

रुद्राभिषेक भगवान शिव की सबसे प्रभावशाली पूजा विधियों में से एक मानी जाती है। मान्यता है कि रूद्राभिषेक करने या कराने से ग्रह दोष शांत होते हैं, जीवन की बाधाएं दूर होती है, मानसिक शांति मिलती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूरे सावन माह में शिव का विशेष वास माना जाता है, इसलिए इस पूरे महीने किसी भी दिन रूद्राभिषेक कराया जा सकता है। हालांकि सावन सोमवार, सावन शिवरात्रि और प्रदोष व्रत की तिथियां विशेष रूप से शुभ मानी जाती है।

---

**दमकल कर्मियों की सूझबूझ से हादसा टला**

# मोहारा फिल्टर प्लांट में क्लोरीन गैस के रिसाव से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा फिल्टर प्लांट में मंगलवार की शाम 17 एमएलडी प्लांट में क्लोरीन गैस के भारी रिसाव से प्लांट में कार्यरत लोग सकते में आ गए। देर रात दमकल कर्मचारियों की सूझबूझ से गैस के रिसाव में आधी रात काबू पाया गया।

मोहारा फिल्टर प्लांट में क्लोरिन गैस का अत्याधिक रिसाव होने की सूचना जिला सेनानी को दी गई। सूचना मिलने के बाद रात लगभग 10.30 बजे फायर स्टेशन प्रभारी इमाम बेग, सैनिक मुनेश्वर वर्मा,

फायरमैन पुमेश कुमार, रामकुमार यादव, तरुण कुमार साहू, सुनील कुमार सहित अन्य दमकल कर्मचारी फिल्टर प्लांट पहुंचे। यहां क्लोरीन यूनिट से काफी गैस रिसाव हो रहा था। जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। भीतर जाकर गैस का रिसाव बंद करना संभव नहीं था, ऐसे में दमकल कर्मचारियों ने साहस दिखाते ऑक्सीजन सिलेंडर किट पहनकर प्लांट के अंदर प्रवेश किया और सिलेंडर को उठाकर पानी के भीतर डुबाया गया। इसके बाद गैस हवा में फैलना बंद हुआ।

### प्लांट में ही उपयोग

फिल्टर प्लांट में लगभग 5 से 6 क्लोरीन के सिलेंडर स्टॉक में रखे जाते हैं। यहां एक सिलेंडर लगभग 15-17 दिन तक चलता है। लगभग दो पीपीएम क्लोरीन मिलाया जाता है। पानी में क्लोरीन गैस रोगाणुमुक्त करने और पानी को पीने योग्य बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। यह पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और सूक्ष्मजीवों को नष्ट करती है। इसकी अधिक मात्रा से नुकसान भी पहुंचता है।



### सिलेंडर में हल्का रिसाव था

क्लोरिन गैस सिलेंडर में हल्का-फुल्का रिसाव था, जिसे ठीक कर लिया गया है, व्यवस्था सुचारू है। **-यूके रामटेक, अभियंता, नगर निगम**

### गैस रिसाव से दहशत

अमृत मिशन का कार्य करने वाले तेजस कंपनी के नितिन पाटिल ने बताया कि मंगलवार शाम 5-6 बजे के करीब गैस का रिसाव का पता चला। इसके बाद पानी की टंकी में क्लोरीन गैस सिलेंडर को डाला गया, लेकिन कुछ समय बाद गैस का रिसाव और बढ़ गया। इसके बाद आपदा प्रबंधन को सूचित किया गया और दमकल कर्मियों ने पहुंचकर राहत कार्य किया। मिली जानकारी के अनुसार गैस के अधिक रिसाव के चलते कर्मचारी भी दहशत में आ गए थे।

### सुबह से हो रहा था रिसाव


बताया जा रहा है कि 900 किलो वाले इस क्लोरीन सिलेंडर में लिकेज होने के चलते मंगलवार सुबह से ही थोड़ा-थोड़ा गैस का रिसाव हो रहा था, जिसे कर्मचारियों ने नजर अंदाज किया। शाम लगभग 5 बजे के करीब रिसाव तेज हो गया। आनन-फानन में मौजूद कर्मचारियों ने सिलेंडर को ऐसे ही पानी की तरफ कर दिया, लेकिन इसके बाद भी गैस हवा में लगभग 100 मीटर तक फैलती रही। इसके बाद रिसाव और बढ़ता चला गया। रात लगभग 10.30 बजे गैस का अधिक रिसाव होने पर दमकल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मशक्कत से काफी प्रयास के बाद इस सिलेंडर को पानी के भीतर डालने में सफल हुए। इसके बाद राहत की सांस आई।

# शराब पार्टी के दौरान मामूली विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शराब पीने के दौरान हुए वाद-विवाद पर युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। बीती रात हुए इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। एक संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

धर्मनगरी डोंगरगढ़ एक बार फिर खून से लाल हो गई। शहर के बीचों-बीच पुलिस थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर देर रात हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक शराब पीने के बाद हुए मामूली विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि एक युवक की जान चली गई।



### पुलिस मौके पर पहुंची, हिरासत में संदिग्ध

मृतक की पहचान धनेश उर्फ धन्नू कश्मीरी पारा के रूप में हुई है। जबकि आरोपी घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। घटना डोंगरगढ़ शहर के कश्मीरीपारा इलाके की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात कुछ लोगों के बीच शराब पीने के दौरान विवाद हुआ, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। बताया गया कि आरोपी ने धन्नू पर चाकू से हमला कर दिया। धन्नू की घटनास्थल में ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

### पहले भी हो चुकी है घटनाएं

इससे पहले भी डोंगरगढ़ क्षेत्र में नशे की हालत में मारपीट, चाकूबाजी और हिंसक झगड़ों की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। ऐसे में अवैध शराब का कारोबार एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के मामलों में कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।




## खबर संक्षेप

### सुभाष बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** सुभाष जैन को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष बनने पर श्री जैन ने कहा कि मंडल ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है। उन्होने पार्टी के नेताओं का आभार जताते हुए दायित्व का बखूबी पूरा करने की बात कही है। नर्मदा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, बालकिशन जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, खेलन वर्मा, सुरेन्द्र जंघेल, अंजु जंघेल, अनुज साहू, रमेश जंघेल, पवन पटेल, डेरालाल मसखरे, यशवंत पटेल, बोधन सिंह, दिवाकर सोनी, लालचंद पटेल, मिनेश जंघेल, केसलाल मंडावी आदि ने बधाई दी है।

### पेयजल कार्य में अनियमितता

**खड़गांव।** सरोली पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्माण काम करवाया जा रहा है जिसमें पाईप की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही है। पंचायत ने पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए ठेकेदार को ठेका दिया है जिसने काम प्रारंभ कर दिया है लेकिन गुणवत्ता को लेकर लोगों में नाराजगी देखने मिल रही है। इस संवादाता ने मौका मुआयना किया तो काम में लापरवाही देखने मिली। पाइप की गुणवत्ता खराब है। पाइप लाईन विस्तार के लिए सड़क के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए हैं जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है। सड़क पर मुरुम और कीचड़ फैली हुई है। मौके पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। सुपरवाइजर संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि रेनाल्ड कम्पनी का पाइप लगाया जा रहा है जिसकी क्वालिटी बहुत अच्छी है। विभाग ने उसकी गुणवत्ता को प्रमाणित भी किया है। एक वर्ष में कोई शिकायत आती है तो बदलकर नया लगाया जाएगा। मौके पर कुछ पुराने और कमजोर पाइप देखा गया।

### विद्यार्थियों ने जाना धान रोपाई की विधि



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को व्यावहारिक कृषि शिक्षा अंतर्गत संतोष साहू के खेत का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कृषि शिक्षक अनमोल पगारे ने विद्यार्थियों को धान फसल के विभिन्न विकास चरणों, स्वस्थ पौधों की पहचान, पौध तैयार करने की विधि तथा धान रोपाई की विभिन्न विधियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने स्वयं रोपाई की प्रक्रिया को देखकर एवं समझकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान जितेन्द्र वैष्णव, हेमा साहू एवं राजेश्वरी देशमुख उपस्थित थे।

### घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



**डोंगरगढ़।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में ग्राम रीवागहन स्थित शासकीय घास भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार रीवागहन निवासी संजय वर्मा ने घास भूमि पर टीन शेड का निर्माण कर लिया था। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा कर शासकीय भूमि को मुक्त कराया।

### कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कारगिल के सैनिकों का बलिदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

### विधायक ने रखी ग्रामीणों की समस्याएं



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्रामीणों, किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर विभिन्न विकास संबंधी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने प्रमुख समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दर्री आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा



**खुज्जी।** शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ब्रम्हचारीधाम में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में श्री लक्ष्मीनक्षरायण मंदिर में पूजा अनुष्ठान के बाद गुरु पूजन किया गया। लोगों ने संत श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### इकलौते अंग्रेजी स्कूल का हाल बेहाल

# क्लास रूम में भरा पानी, बरामदे में बैठकर पढ़ने मजबूर हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

चमचमाती बिल्डिंग और आधुनिक शिक्षा के दावों के बीच सरकारी स्कूलों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम इग्नाइट स्कूल में बारिश के बाद बड़ा मामला सामने आया है। लगातार बरसात होने के बाद कक्षा चौथी के कमरों में पानी भर गया है। जलभराव के चलते मजबूरन बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

दो दिन से हो रही बारिश के कारण स्कूल के विभिन्न कमरों में पानी टपक रहा है। सबसे खराब स्थिति कक्षा चौथी के क्लासरूम की है। जहां तहां से पानी टपकने के कारण पूरी क्लास में इतना पानी भर गया कि वहां बच्चों का बैठना नामुमकिन हो गया है। क्लास में पानी भरने के बाद स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में कक्षा चौथी के बच्चों को बाहर बरामदे में शिफ्ट किया। बरामदे में बैठने के कारण बच्चों को पढ़ाई में ध्यान लगाने में भारी परेशानी हो रही है। वही बारिश होने पर बच्चों के भीगने का डर बना हुआ है।

## मटिया में भी हो चुकी इसी प्रकार की घटना



### अभिभावकों में आक्रोश

स्कूल की दुर्दशा को देखकर बच्चों के पालकों में भारी नाराजगी है। अभिभावकों का कहना है कि सरकार एक तरफ अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में प्रचारित करती है, लेकिन बारिश की एक बौछार ही इनके दावों की पोल खोल देती है। पालकों ने सवाल उठाया है कि अगर बरामदे में ही बैठकर पढ़ना है, तो फिर इस आधुनिक स्कूल का क्या फायदा?

### पक्के भवन में संकुल का संचालन

जानकारी के अनुसार कन्या शाला भवन में वर्षो से संकुल केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। अभिभावकों की शिकायत के बाद भी इस भवन को खाली नहीं किया जा रहा है।

### 145 साल पुरानी इमारत

नगर के मध्य में स्थित 140 साल से भी अधिक पुराना स्कूल भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। भवन इतना जर्जर हो गया है कि यहां बच्चों के बैठने तक की जगह सुरक्षित नहीं है। बारिश होने पर इस इमारत में जगह-जगह से पानी रिसना शुरू हो जाता है। क्लास रूमें पानी भरने से बच्चों को यहां वहां छुपना पड़ता है। दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। उपर का कवेलू खराब हो चुका है।

### मटिया जैसी लापरवाही की पुनरावृत्ति

हैरानी की बात यह है कि शिक्षा विभाग ने पुरानी घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया है। इससे पहले भी मटिया स्कूल में ठीक इसी तरह की स्थिति देखने को मिली थी। यहां भी क्लासरूम में पानी भर गया था। मटिया स्कूल के बाद अब इग्नाइट स्कूल में इस तरह के हालात बनना साफ तौर पर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।

# नहीं हुई नहरों से कचरे की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसानो की मांग के बाद भी नहरों की सफाई अब तक लंबित है। किसानों की समस्या को विभाग के संज्ञान में लाने के बाद विभाग ने सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता किया है। नहर में जगह- जगह कचरा और पेड़ कर मलबा पटा हुआ है जो आने वाले दिनों में किसानों के लिए परेशानी खड़ा करेगा।

ज्ञात हो कि जीराटोला, अमदनिया जलाशय से किसानों को सिंचाई के लिए पानी मुहैया कराया जाता है। नहरों में कूडा कचरा होने से खेतों तक पानी नहीं पहुंचता। नहरों की सफाई नहीं होने से नहर एवं पुलिया से कचरा जमा है। इस संबंध में प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव ने कहा कि अपर्याप्त एवं खंड वर्षा से किसान पहले ही परेशान और चिंतित हैं ऐसे में विभाग को समस्या से अवगत कराने के बाद भी नहरों की सफाई कराने कोताही किया गया है।

### जलाशय से पानी देने की मांग

आषाढ़ माह बीतने वाला है किन्तु क्षेत्र में अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है जिसके कारण धान रोपाई करने में समस्या आ रही है। बहुत से किसान इस आश में हैं कि नहरों से पानी आने पर धान की रोपाई करेंगे किन्तु इस इंतजार में किसान रोपाई करने में पिछड़ते जा रहे हैं। नहरों में सिंचाई के लिए अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है। विभागीय जानकारी अनुसार जलाशय में पर्याप्त जल नहीं है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने किसानों की मांग और धान बोआई की समस्या को देखते हुए पैलीमेटा, जीराटोला, अमदनिया जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की है ताकि किसानों फसल रोपाई कर सकें।

# अविश्वास प्रस्ताव के बाद विकास पर लगा ग्रहण



**सोमनी।** ग्राम पंचायत सोमनी में अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद विकास की रफ्तार थम गई है। वहीं पंचायत की लापरवाही के कारण एक वर्ष से नालियों की सफाई नहीं हुई है और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है जिससे राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति को और गंभीर बनाते हुए सड़क किनारे व्यापारियों, होटल संचालकों और छोटे-छोटे खोमचे वालों द्वारा खुले में कचरा फेंका जा रहा है। कचरे के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास लोग परेशान हो रहे हैं। बरसात के दिनों में यह समस्या और विकराल होते जा रही है और संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत को स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन सफाई की पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, सड़क किनारे फैले कचरे को हटाने की मांग की है।

## दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**डोंगरगढ़।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय ने दोषी को कठोर सजा सुनाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं आर्थिक दंड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। जानकारी के अनुसार समीर सहारे , पिता श्यामलाल सहारे निवासी वार्ड 2 को नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। साक्ष्यों एवं पीड़िता के बयान के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिमा वर्मा ने आरोपी को धारा 115 (2) बीएनएस के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास एवं दो हजार अर्थदंड तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 5 (ड) सहपठित धारा 6 अंतर्गत 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं पांच हजार अर्थदंड का आदेश पारित किया है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को पृथक से तीन एवं छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी की।

# भाजपा संगठन ने मान मनौव्वल की शुरू की कोशिश

- कार्यकर्ताओं के गुस्से से संगठन में खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर भाजपा मंडल का असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपकर सामूहिक इस्तीफा देने की घोषणा की है। ज्ञापन में संगठन की कार्यप्रणाली और स्थानीय नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शहर भाजपा में नियुक्ति के बाद से वरिष्ठजनों की अनदेखी और बैठक आदि में चहेते नेताओं को महत्व देना आक्रोश का मुख्य कारण बताया जा रहा है। वहीं सोशल मिडिया में की गई बयान बाजी के बाद बताओ नोटिस करने से माहौल और गरम हो गया। जिला संगठन की नोटिस को लेकर नेताओं की प्रतिक्रिया को जिला संगठन ने हल्के में लिया है जिसके चलते स्थिति बिगड़ते गई और लगभग 111 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक त्यागपत्र दे दिया। शहर ग्रामीण मंडल के कुछ कार्यकर्ता भी त्यागपत्र देने की तैयारी में हैं।

### उपेक्षा से सुलगी आग

भाजपा संगठन में होने वाली नियुक्तियों के पहले भाजपा नेताओं से सलाह नहीं लेने के साथ कार्यकर्ताओ को नजर अंदाज करने के कारण भी असंतोष पनपा है। सैकडों कार्यकर्ताओं का त्यागपत्र देने के बाद भाजपा में भूचाल आ गया है। कार्यकर्ताओं की शिकायत है कि शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बब्बोआना के पदभार संभालने के बाद से कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा हो रही है। रही है। बताया जाता है कि बैठक में नाराज नेताओं और कार्यकत्र्ताओ ने स्थानीय संगठन पर जमकर आरोप भी लगाए है।

### सुलह का प्रयास

जिला संगठन और स्थानीय नेताओं की बैठक होने की जानकारी मिली है। भाजपा नेताओं ने तालमेल बैठाकर मामले को शांत करने का प्रयास किया। बैठक में उन्ही नेताओ को बुलाया गया जिनके खिलाफ कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। बैठक में चार कार्यकर्ताओं को निष्काशित करने की बात सामने आई वही कुछ ने सभी 111 को निष्कासित करने कहा। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में लोगों के त्यागपत्र देने के बाद कुछ पदाधिकारियों द्वारा नाराज लोगों को मनाने और उन पर दबाव डालने की जानकारी मिली है।

# वेतन कटौती के आदेश से शिक्षक खफा

**औंधी।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन आहरित करने संबंधी जारी आदेश का विरोध किया है। संघ का कहना है कि विभाग द्वारा व्हीएसके ऐप की जमीनी हकीकत और तकनीकी खामियों को नजरअंदाज कर यह आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष रविकांत यादव ने बताया कि संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय ने ऐप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शासन एवं डीपीआई को ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की समस्या रहती है। शाला परिसर में उपस्थित होने के बावजूद ऐप में शाला से दूर दिखाया जाता है। एप में अन्य खामी भी देखने मिल रही है। पदाधिकारियों का कहना है कि तकनीकी त्रुटियों के कारण 100 प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज होना संभव नहीं है। ऐप की विफलता के कारण शिक्षकों को वेतन कटौती का सामना करना पड़ेगा, जो अन्यायपूर्ण है। संघ ने बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की मांग की है। संघ ने उपस्थिति पंजी में दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान करने कहा है।

## अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक 30 को

**राजनांदगांव।** नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति राजनांदगांव की 17वीं अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे श्री राजवाड़ा होटल राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख को उपस्थित होने कहा गया है।

#### जिनवाणी और गुरु भक्ति पर प्रेरक संदेश

# जीवन जीने की कला सिखाते हैं गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गुरू पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में आयोजित धर्मसभा में साध्वी आज्ञांजना श्रीजी म.सा. ने कहा कि जन्म और मृत्यु तो निश्चित हैं, किंतु इन दोनों के मध्य जीवन को सार्थक ढंग से जीने की कला केवल गुरु सिखाते हैं। अनंत जन्मों के पुण्य से सद्गुरु की प्राप्ति होती है इसलिए गुरु का चयन सोच-समझकर करना चाहिए।

साध्वीश्री ने रूपक शास्त्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक तिनका समुद्र की सैर करने निकला, किंतु हवा उसे बार-बार पीछे धकेल देती थी। एक सज्जन ने उसे हवा की दिशा में चलने की सलाह दी, तब वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सका। इसी प्रकार यदि मनुष्य परमात्मा तक पहुँचना चाहता है तो उसे गुरु की शरण में जाना होगा। गुरु का मार्गदर्शन मिल जाए तो परमात्मा तक पहुँचने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि दीक्षा के बाद सांसारिक रंग-रूप छूट जाते हैं और साधक का जीवन स्वाध्याय, साधना तथा आत्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होता है। मन को स्थिर रखने, जिनवाणी से जुड़े रहने और आध्यात्मिक विकास के लिए गुरु भगवंत का आशीर्वाद अनिवार्य है। गुरु की शक्ति ही शिष्य को लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायक बनती है। उन्होंने भगवान महावीर के निर्वाण के उपरांत जैन आगमों के संरक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान के मुख्य शिष्यों, श्रुतकेवलियों एवं आचार्यों ने जिनवाणी को सूत्रबद्ध कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा ताकि पंचम काल में धर्म और परंपरा अक्षुण्ण रहे।

### श्रावकों ने व्यक्त किए श्रद्धाभाव



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धर्मसभा में श्रावक-श्राविकाओं ने भी गुरु महिमा पर अपने भाव व्यक्त किए। प्रेमलता जैन ने कहा कि जैन धर्म में गुरु का स्थान सर्वोच्च है तथा आत्मकल्याण के लिए गुरु का सान्निध्य अनिवार्य है। इंदरचंद जैन ने कहा कि महासतियों के चातुर्मास समाज के लिए सौभाग्य का विषय है और सभी को उनकी अमृतमयी वाणी का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर पुष्पा कोचर, सुनीता नखत एवं प्रेमलता जैन ने भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। हेमंत चोपड़ा ने कहा कि महासतियों के आगमन बाद प्रतिदिन कुछ नया सीखने और आत्मिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। वहीं श्रद्धा बोहरा ने संत कबीर के प्रसिद्ध दोहे की व्याख्या करते हुए कहा कि गुरु ही साधक को भवसागर से पार लगाने वाले होते हैं।

### गुरु ले जाता है शिखर की ओर

उन्होंने कहा कि जैसे किसी खिलाड़ी की जीत पूरे देश का गौरव बढ़ता है, उसी प्रकार गुरु की कृपा से प्राप्त आध्यात्मिक उपलब्धि केवल व्यक्ति की नहीं, बल्कि जिनशासन की विजय होती है। गुरु भक्ति, योग्यता और पात्रता का विकास ही साधक को परमात्मा के निकट ले जाता है। अपने गुरुवर्या के विशाल हृदय, वात्सल्य और करुणा का स्मरण करते हुए साध्वीश्री भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि गुरु प्रेम का अथाह सागर हैं, जो शिष्यों की भूलों को सुधारकर उन्हें ऊँचाइयों की ओर अग्रसर करते हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## टीएल बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

# लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश

## योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियांवयन सुनिश्चित करते हुए आम नागरिकों से जुड़े मामलों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने व नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान पंजीयन की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत प्रतिशत पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा की स्थिति की जानकारी लेते हुए अंतिम तिथि से पूर्व अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोडऩे पर जोर दिया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने कहा वही जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोडऩे के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने कहा।



### शाला परिसर में बनाए किचन गार्डन

शिक्षा विभाग की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्यपुस्तकों के वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों को समय पर सामग्री उपलब्ध कराने और वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की प्रगति की जानकारी लेकर उन्होंने विद्यालय परिसरों में किचन गार्डन विकसित करने के कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य अनुरूप विद्यालयों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा ताकि विद्यार्थियों को पोषण व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। अंत में कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें व प्रत्येक योजना और सेवा की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। जनहित से जुड़े सभी कार्यों में गंभीरता, जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखते हुए जिले में सुशासन की भावना को और मजबूत करें।

### समय पर आए पाए पुरस्कार

कलेक्टर ने सेवा सेतु के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, सीएम जनदर्शन, सीएम जनशिकायत, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य जन शिकायतों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि नागरिकों की शिकायतों का संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। अधिकारियों कर्मचारियों की आधार आधारित उपस्थिति की समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी कार्यालय प्रतिदिन आने व जाने की उपस्थिति रिपोर्ट साझा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमित व समय पर उपस्थिति दर्ज कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित, पुरस्कृत किया जाएगा जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की डिजिटल व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाते हुए कार्यों का त्वरित निष्पादन करें।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़




कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य व ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारियो द्वारा विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं व ग्रामीणों को हेपेटाइटिस ए, बी, सी और ई के कारण, संक्रमण के तरीके, लक्षण, बचाव, समय पर जांच व उपचार के अलावा हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित इंजेक्शन, सुरक्षित रक्त, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसी अवसर पर स्टॉप डायरिया अभियान अंतर्गत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों में डायरिया से बचाव संबंधी जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, अभिभावकों व समुदाय को साबुन से हाथ धोने की सही विधि, स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल के उपयोग, भोजन की स्वच्छता, शौचालय के नियमित उपयोग और डायरिया होने पर ओआरएस व जिंक के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही दस्त होने पर बच्चों को पर्याप्त तरल पदार्थ पिलाने तथा बिना विलंब निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने कहा।

### जागरूकता ही बचाव

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस व स्टॉप डायरिया अभियान के माध्यम से जिलेभर में लोगों को संक्रमणजनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, सुरक्षित व्यवहार व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार से हेपेटाइटिस व डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम प्रभावी ढंग से की जा सकती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि हेपेटाइटिस व डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता अपनाएं, सुरक्षित पेयजल का उपयोग करें, समय पर टीकाकरण कराएं और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी, परामर्श अथवा उपचार के लिए अपनी निकटतम मितानिन, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

## डीसीएचबी के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत जिला हस्त पुस्तिका (डीसीएचबी) हेतु ग्राम एवं नगर निर्देशिका आंकड़ों के संकलन एवं संचयन का कार्य माह अगस्त-सितम्बर 2026 में सम्पादित किया जाएगा। सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय एवं राज्य स्तरीय ट्रेनर श्री कविन्द्र रंगारी द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला हस्त पुस्तिका कार्य के संबंध में नगरीय निकायों के क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

# शिक्षा से ही आगे बढ़ेगा देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही, दिलीपुर और बाजगुड़ा में जिप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे सरस्वती साईकिल योजना तहत निशुल्क साईकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदेश काग्रसमिति सदस्य व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी उपस्थित थी। दिलीपुर में नवनिर्मित व्यायामशाला भवन का लोकार्पण भी उन्होंने किया। दौरान मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने तीनों शालाओं में कक्षा नवमीं की छात्राओं का मुंह मीठा करवाकर और तिलक लगाकर उन्हें साइकिल दिया और कहा कि दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को अक्सर परिवहन की समस्या से जूझना पड़ता था।

सरस्वती योजना से अब साइकिल मिल जाने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी और समय भी बचेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे देश और समाज आगे बढ़ सकता है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। यह योजना भी उसी दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम है।

### व्यायाम शाला भवन का हुआ लोकार्पण

साइकिल वितरण साथ ही ग्राम दिलीपुर में युवाओं और खेलप्रेमियों के लिए नवनिर्मित व्यायामशाला भवन का विधिवत लोकार्पण भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि व्यायामशाला बनने से गांव के युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य और खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा। इस दौरान गोरेलाल वर्मा, लखनलाल साहू, डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी, डॉ. चंदू वर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अजय पटवा, खेमराज जैन, रवींद्र वर्मा, पूकराम सिन्हा, उत्तम सिन्हा, सुभाष सिंह राजपूत, राजेश वर्मा, देवकी वर्मा, राजेश सेन, हर्षवर्धन वर्मा, बीरेश सोरी समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर भड़की विधायक यशोदा

## जीवनदीप समिति की बैठक निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुलाई गई जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक इस बार कोरम और अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते रद्द कर दी गई। क्षेत्रीय विधायक व जीवनदीप समिति अध्यक्ष यशोदा वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों के नदारद रहने पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया।

अधिकारियों की उदासीनता को देखते विधायक ने बैठक को निरस्त करते दो टूक कहा कि यदि समीक्षा बैठक में प्रमुख विभागों के अधिकारी ही उपस्थित नहीं रहेंगे, तो जनहित में कोई भी सार्थक पहल कैसे संभव हो पाएगी।

### पूर्व प्रस्तावों पर हुई चर्चा

मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की इस बैठक में यह तीसरी बार है, जब विभिन्न विभागों के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि पूरी तरह नदारद रहे। बैठक के दौरान केवल पूर्व में पारित प्रस्तावों की ही सतही समीक्षा हो पाई कि किन-किन कार्यों पर अब तक प्रगति हुई है। स्थिति यह रही कि बैठक में नगर पंचायत गंडई के इंजीनियर को छोड़कर बाकी अन्य सभी विभागों के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि कर्मचारी पूरी तरह अनुपस्थित रहे। लगातार हो रही इस लापरवाही से नाराज होकर विधायक यशोदा वर्मा ने बैठक को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।




### वित्तीय और विकास कार्यों के अधूरे पड़े हैं कई अहम प्रस्ताव

बैठक अधिकारियों की गैर मौजूदगी के कारण रद्द कर दी गई, लेकिन इससे पहले सामने आए वित्तीय और विकास कार्यों के आंकड़ों से अस्पताल की जमीनी हकीकत का पता चलता है कि 31 मार्च 2026 तक अस्पताल की कुल आय 2,92,91,52.99 और कुल व्यय 2,01,11,30.00 रहा। जिसके बाद वित्तीय वर्ष के अंत में 91,8022.99 की शेष बचत राशि उपलब्ध है। वहीं 22 संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के मानदेय पर प्रतिमाह 1,21,000.00 खर्च किए जा रहे हैं।

### अधूरे विकास कार्य

अस्पताल में लेबर रूम में डीएमएफ फंड से एसी लगाने का प्रस्ताव, ओपीडी व एक्स-रे रूम में वॉल पुट्टी/ पीओपी और अंडरग्राउंड विद्युत वायरिंग का कार्य अभी भी अपूर्ण या प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा हृदय रोगियों के लिए अति-आवश्यक मशीन की मांग भी शासन स्तर पर लंबित है। बैठक में नीलाम्बर वर्मा, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, शत्रुहन मन्नु चंदेल, मंगल जैन, संजय अग्रवाल, चेतन देवांगन, रमेश साहू, दामोदर जायसवाल, हेमलता ठाकुर, सोनल क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन, सम्पूर्ण टंडन, बीएमओ मनीष बघेल, बीपीएम बृजेश ताम्रकार, विनय रामटेके, प्रभारी अधिकारी प्रशांत सोनी, रज्जब खान आदि शामिल थे।

# कोचिंग के चयनित प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



समर्पित शिक्षकों के प्रयास से बीते सालों में चार बच्चों का नवोदय और 10 बच्चों का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। विगत दिनों इन प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान कोचिंग सेंटर में किया गया।

इस अवसर पर योग समिति के अध्यक्ष संजय महोबिया ने निःशुल्क कोचिंग दे रहे शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य त्याग और समर्पण से ही संभव हो सका है। उन्होंने उन पालकों की सराहना की जो सारे कार्य छोड़कर प्रातः अपने बच्चों को कोचिंग सेंटर तक पहुंचाते हैं। योग समिति के अशोक चंद्राकर और योग शिक्षक मोहन जंघेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ सियाराम साहू ने किया।

शिक्षक संजीव धुर्वे ने अतिथियों का अभिनंदन किया। नवोदय में चयनित मानवी चंदेल, भारती यादव, कुशाग्र वर्मा, राजेंद्र रजक, एकलव्य की पायल मंडावी, मान्यक नेताम और प्रयास विद्यालय के लिए चयनित हित्विक चंदेल, लक्ष्य ठाकुर, पीयूष चंदेल, राशि अग्रवाल, डिम्पल वर्मा, जानकी सूर्यवंशी, पुष्पक गोटे, देवेश मंडावी, सार्थक मंडावी.का सम्मान योग समिति के यशवंत वर्मा, सुखदेव वर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक दोदेश्वर चंदेल, कुंभलाल वर्मा, राजदास मानिकपुरी, दिग्विजयदास वैष्णव, दीनदयाल शोरी, राघवेंद्र वर्मा, अमर दास, श्री चेलक, अश्विनी साहू, देवेंद्र यादव, राधेलाल कोठारी, अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं को सुरक्षा व योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीतराम खुटेल के निर्देशन में हाई स्कूल पैलीमेटा में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सशक्तिकरण हब एवं मिशन वात्सल्य के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 181 के उपयोग एवं सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से हिंसा या उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को आश्रय, परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सा सुविधा तथा पुलिस सहायता जैसी पांच महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। बाल विवाह निषेध के संबंध में जागरूक करते हुए समाज की सहभागिता पर बल दिया गया।




### चाईल्ड हेल्पलाइन की दी जानकारी

किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व, संतुलित आहार, कैंसर से बचाव तथा मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर इन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर प्राचार्य, शिक्षक, पालक उपस्थित थे।

## शहर कांग्रेस की बैठक में सभी 20 वार्डों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हुए शामिल

# संगठन की मजबूती पर मंथन और जनसंपर्क पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजपूत क्षत्रिय भवन में शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन को बूथ और वार्ड स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने व निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पुनः सक्रिय करने जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में शहर के सभी 20 वार्डों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में प्रत्येक वार्ड अध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित जनसंपर्क करने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने व कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने वार्डों की स्थिति, स्थानीय समस्याओं सहित संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सुझाव भी रखा।

वरिष्ठ नेताओं ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए सामूहिक रूप से कार्य करने और पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने कहा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पार्टी की गाइडलाइन एवं संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए आपसी समन्वय और सहमति के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में जितेन्द्र सिंह गौर, मयूरी सिंह, दीपक देवांगन, शेखर दास वैष्णव, यतेंद्रजीत सिंह, किशन रजक, पलाश सिंह, रविन्द्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, अमित सिंह, भरत चंद्राकर, मोहित भांडेकर, डॉ. यशेष सिंह ठाकुर, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, सुमन दयाराम पटेल, महेश यादव, संत निषाद, सूर्यकांत यादव, नदीम मेमन, गिरीश सारथी, अविनाश सिंह, रतन सिंघी, संतोष वर्मा, अजय देवांगन, राकेश वर्मा, विनोद सिन्हा, हरि धीमर, गीता यादव, अनाम भोंडेकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### नपा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता रहे तैयार

बैठक में नेताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश कांग्रेस संगठन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप शहर कांग्रेस की लगातार सक्रियता से धरना-प्रदर्शन, घेराव, मशाल यात्रा, पुतला दहन सहित विभिन्न जनआंदोलनों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती का प्रमाण है। आगामी नगर पालिका चुनाव को पूरी ताकत और एकजुटता के साथ लड़ने का संकल्प भी लिया गया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि संगठन की एकजुटता, मजबूत जनसंपर्क और सक्रिय कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस नपा चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी।



## सार समाचार

### एनएसएम पब्लिक स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**राजनांदगांव।** गुरु पूर्णिमा अवसर पर एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में बच्चों ने अपने गुरुओं के सम्मान में श्लोक वाचन कर श्रद्धा प्रकट की। वेद व्यास के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर बच्चों ने गुरु महिमा का गान किया। बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर धार्मिक अनुष्ठान जैसे दृश्य से शिक्षकों का मन मोह लिया। एनएसएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि स्कूल संचालन का यह तीसरा वर्ष है, जहां वर्तमान में कक्षा छठवीं तक के 115 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। नांदगांव शिक्षा मंडल राजनांदगांव द्वारा संचालित उक्त स्कूल के सीबीएसई पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। स्कूल में एनसीईआरटी द्वारा लागू पाठ्यक्रम से शिक्षा प्रदान की जा रही है। व्यास पूर्णिमा के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने गुरु वंदना प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों का दिल जीत लिया। वेद व्यास के चरणों में प्रणाम कर बच्चों ने गुरु ब्रम्हा - गुरू विष्णु का उच्चारण किया। पूजा-अर्चना पश्चात बच्चों एवं शिक्षकों तथा स्टाफ को प्रसाद का वितरण कर आयोजन का समापन किया गया।

### लखोली में पौधारोपण



**राजनांदगांव।** गुरू पूर्णिमा के दिन विश्व पर्यावरण दिवस पर लखोली वार्ड नं. 35 शीतला मंदिर लखोली तालाब पार में नीम व आंवला के पौधारोहण किया गया। वार्ड पार्षद डलेश्वर साहू माता-पिता के नाम पौधरोहण किया। इस दौरान दीपक साहू, राजेन्द्र सोनी, देवेन्द्र मोहन लाला, महेश सोनी एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह जानकारी दीपक वर्मा ने दी।

### जिला कांग्रेस कमेटी में चार पदों पर नियुक्तियां



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से चार महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की है। इसके तहत चुम्मन साहू एवं प्रकाश शर्मा को प्रवक्ता, अमित अग्रवाल को सोशल मीडिया प्रभारी तथा सागर ताम्रकार को सोशल मीडिया सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि संगठन की विचारधारा, पार्टी की रीति-नीति एवं संगठनात्मक गतिविधियों को मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव द्वारा उक्त नामों की अनुशंसा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी गई थी, जिस पर प्रदेश नेतृत्व ने सहमति प्रदान करते नियुक्तियां की है।

### युगांतर बास्केटबॉल के सेमीफाइनल में



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक अंडर-19 आयु वर्ग की बास्केटबॉल टीम सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा के सेमी फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने क्वार्टर फाइनल के मैच में रिवर साइड स्कूल बुरनपुर को 44-6 अंक से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल के मैच रात में खेले जाएंगे। जबकि फाइनल मैच कल खेले जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते स्कूल के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि युगांतर स्कूल की टीम पिछले कई वर्षों से क्लस्टर और नेशनल चैम्पियन रही है। इस वर्ष भी स्कूल का प्रदर्शन पुराने इतिहास को दोहराएगा। इसके पहले स्कूल की टीम ने आर्यावर्त पब्लिक स्कूल खुर्दा को 49-00 अंक से, दिव्या आर्या विद्यापीठ विष्णुपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में युगांतर पब्लिक स्कूल की टीम का मुकाबला सेंट जेवियर हाई स्कूल कटक से होगा। क्वार्टर फाइनल में शुभम सिंह (कप्तान ), हिमांशु सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, रूहान, कालवा अथर्व राव, अथर्व प्रताप सिंह, चिराग चंदेल, धर्मवीर सिंह, सुजल प्रजापत, वीं यशवंथ, ज्ञानेश्वर वीं, युवान सारडा ने शानदार प्रदर्शन किया।

### गुरूनानक स्कूल की टीम ने किया क्वालीफाई



**राजनांदगांव।** 26वीं राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता जो जशपुर में आयोजित थी, में गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव की टीम ने 15 वर्ष, 17 वर्ष बालक एवं 17 वर्ष बालिका अर्थात तीनों वर्गों में जीत हासिल कर राष्ट्रीय स्तर नेहरू हॉकी के लिए क्वालीफाई किया। उल्लेखनीय है कि लगातार दूसरे वर्ष गुरुनानक स्कूल ने यह उपलब्धि हासिल की है और यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड है।

### सट्टा, आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** सट्टा खिलाने के मामले में एक आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की गई है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर हो-हुल्लड करने के मामले में दो पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र में मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी रविन्द्र साहू उर्फ जड्डू को मोबाइल के माध्यम से सट्टा लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 1,300 नगद, एक सट्टा-पट्टी, एक डॉट पेन एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 एवं 7, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त थाना बसंतपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक शांतिभंग कर मोहल्ले में हुड़दंग करने वाले अब्दुल शाहरूख एवं पियुष साहू के विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## निधन



### दानेन्द्र देवांगन

**राजनांदगांव।** शंकरपुर निवासी व देवांगन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति दानेन्द्र देवांगन का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो बेटी व एक बेटा का भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा कल 30 जुलाई को सुबह 11 निवास स्थल से शंकरपुर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### मोहला बना भू-माफियाओं के अवैध प्लाटिंग का हब

# प्रतिबंध होने के बाद भी कृषि भूमि की धड़ल्ले से हो रही है रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

इस आदिवासी अनुसूचित जनजाति जिला मुख्यालय मोहला में भू-माफिया, छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग और रेरा के नियम-कानून को ताक पर रखकर नगर में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग काटकर जमीन की खरीदी-बिक्री करने में लगे हैं। इस अवैध काम में भू-माफियाओं को स्थानीय राजस्व विभाग, उप पंजीयक कार्यालय का भरपूर सहयोग मिल रहा है। रोजाना धड़ल्ले से अवैध रूप से काटे गए प्लांट कि रजिस्ट्री हो रही है। वहीं पटवारियों द्वारा एक खसरा नंबर कई टुकड़ों में विभाजित किया जा रहा है। ऐसे में शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है।

जिला बनने के बाद से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला भू-माफियाओं का पसंदीदा हब बन चुका है। इन दिनों मोहला की सीमा से लगे ग्राम चिलमटोला अवैध प्लाटिंग को लेकर चर्चाओं में है। इस राजस्व ग्राम में भू-माफिया सरकार के प्रतिबंध के बाद भी कृषि भूमि को आवासीय प्लाट बताकर महंगे दामों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं और भू-माफियाओं का साथ राजस्व अधिकारी भी बखूबी दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफियाओं द्वारा मोहला की सीमा से लगे ग्राम चिलमटोला में बाध और मुक्ति धाम से सटे लगभग 7 से ज्यादा एकड़ कृषि भूमि को बिना डायवर्सन के ही आवासीय प्लाट के रूप में टुकड़े-टुकड़े कर बेचा जा रहा है। अवैध प्लाटिंग को राजस्व विभाग और पंजीयक कार्यालय के अधिकारी पंजीयन और नामांतरण करने में कोई भी कोताही नहीं कर रहे हैं। वहीं अवैध प्लाटिंग से शासन को लाखों रुपए का चूना भी लग रहा है।

#### 5 खसरों के 40 से ज्यादा हुए टुकड़े

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम चिलमटोला में भू-माफियाओं ने राजस्व विभाग तथा उप पंजीयक कार्यालय के अधिकारियों से सांठगांठ कर एक के बाद एक लगे 5 कृषि भूमि खसरों का अवैध प्लाटिंग किया है और 40 टुकड़ों में बांट डाला है। अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा मोहला में आराम से चल रहा है। चिलमटोला में अवैध प्लाटिंग से काटे गए भूखंडों का पंजीयन के पश्चात संबंधित राजस्व अधिकार ने बड़ी ही आसानी से नामांतरण कर दिया है। जबकि अधिकारी यह जान रहे हैं कि उपखंड अवैध प्लाटिंग का हिस्सा है। हालांकि अब पंजीयन पश्चात खरीदे गए भूमि का नामांतरण स्वतः ही हो जा रहा है। जिसका फायदा जमीन दलाल उठा रहे हैं।

#### नक्शा काट रहे पटवारी

भूमि की खरीदी और नामांतरण के पश्चात अवैध प्लाटिंग के उपखंडों का हल्का पटवारी मूल खसरा से नक्शा काटने में जरा भी कोताही नहीं कर रहे हैं। भू-माफियाओं के साथ मिलकर मोटी कमाई करने में जुटे हुए हैं।

#### मामला सामने आ रहा

अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आ रहा है। रजिस्ट्री-नामांकन ना हो इसके लिए लेटर जारी कर संबंधित पटवारी से जानकारी ली जाएगी कि मोहला में कितने अवैध प्लाटिंग हुए हैं। **-नेहा विश्वकर्मा,** तहसीलदार

#### राजस्व अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध

सूत्रों का माने तो जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में एक भी ऐसा वैध कॉलोनाइजर नहीं है, जो कॉलोनाइजर एक्ट के तहत पंजीकृत हो। इसके साथ ही कोई भी प्रोजेक्ट अभी तक मोहला में रेरा में पंजीयन नहीं हुआ है। अब यह राजस्व विभाग के अधिकारियों पर सवाल उठता है कि जब जिले में वैध कॉलोनाइजर नहीं और रेरा में कोई भी प्रोजेक्ट पंजीकृत नहीं तो फिर अवैध कॉलोनियां कैसे बस जा रही है। जिला मुख्यालय मोहला में इतने बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग राजस्व अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहा है? इसके साथ ही यह भी देखना होगा कि खबर प्रकाशन के बाद राजस्व विभाग के अधिकारी इस अवैध प्लाटिंग के गोरखधंधा पर प्रतिबंध लगा पाते हैं या भू-माफियाओं संग मिलकर चादर ओढ़कर घी खाते रहेंगे।

## फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में फोटो वायरल करने की धमकी देते गाली-गलौज व पैसों की मांग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा पुलिस चौकी चिचोला में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी लोकेन्द्र पडौती, कुनाल नेताम एवं किशोर चंद्रवंशी द्वारा अपने मोबाइल नंबर से पीड़िता के मोबाइल नंबर में अश्लील फोटो-वीडियो व्हाट्सअप एवं इस्टग्राम इंटरनेट के माध्यम से भेजकर वायरल कर दिया। मना करने पर गंदी-गंदी गाली-गलौज करता है एवं 2000 रुपए की भी मांग किया है।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा-351(4), 296, 3(5) बीएनएस, 67 आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । इस मामले में चिचोला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी लोकेन्द्र पडौती 19 वर्ष, कुनाल नेताम 19 वर्ष व किशोर चंद्रवंशी 19 वर्ष सभी सकिनान कोटनापानी का होना पाया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## महापौर ने प्लांट का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने बुधवार सुबह नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत आलोक श्रोती व संदीप बघेल के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर निगम अधिकारी तथा प्लांट संचालक कंपनी के अधिकारी से कहा कि अति आवश्यक सेवा देने वाली संवेदनशील स्थल प्लांट में सावधानी बरतते हुए व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए। जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

महापौर ने तकनीकी अधिकारियों तथा प्लांट संचालक से सभी पहलुओं पर चर्चा कर सावधानी बरतने तथा अलर्ट रहने के निर्देश दिए। दो दिनों से लगातार बारिश को ध्यान में रखकर एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फिटकरी सहित अन्य सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निगम तथा कंपनी के अधिकारियों से कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा क्लोरिंन की नियमित रूप से पीएचई विभाग से जांच कराई जाए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा सहित निगम व कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।



#### तैयारियां रखें दुरुस्त

महापौर श्री यादव ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा करते कहा कि कल रात्रि अचानक क्लोरिंन गैस रिसाव की स्थिति निर्मित हो गई थी, जिसे समय में काबू कर लिया गया था। प्लांट कर्मियों की सजगता से स्थिति सामान्य हुई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट संवेदनशील स्थल है, जहां सावधानी बरतने के साथ-साथ सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुदृढ होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी तैयारियां दुरूस्त रखा जाए।

## उपसरपंच के खिलाफ अतिक्रमण की शिकायत बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**राजनांदगांव।** बुधवार को ग्राम पंचायत उसरीबोड़ से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपसरपंच के खिलाफ अतिक्रमण की शिकायत लेकर कार्रवाई के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने ज्ञापन देते अवैध कब्जा हटाने मांग की है। ग्राम पंचायत उसरीबोड़ से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने गांव को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए मोर्चा खोला हुआ है, लेकिन गांव के जनप्रतिनिधि ही अतिक्रमण किए हुए बैठे हैं, जिस पर कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम कार्यालप पहुंचे पंच अशोक कुमार कौशिक सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15-20 वर्षों से अवैध कब्जा गांव में चल रहा था। जिसमें चरागन भूमि में भी 30-35 लोगों द्वारा कब्जा किया गया था। इसमें उपसरपंच द्वारा भी कब्जा किया गया। यहां से अवैध कब्जा हटाने के लिए अतिक्रमणकारियों से हस्ताक्षर कराया गया। जिसमें बाकी लोगों ने अपने अतिक्रमण तोड़ दिए, लेकिन उपसरपंच सहित एक-दो लोगों द्वारा अपना अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि चिरागन भूमि में उपसरपंच द्वारा पोल्ट्री फार्म बनाया गया है, जिसे अब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है। इस अतिक्रमण के मामले को लेकर उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया था, लेकिन यह ध्वस्त हो गया है।



#### नामांकन फार्म में दी झूठी जानकारी

वार्ड नंबर 5 के भोजराम साहू ने बताया कि गांव को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सब एकजुट हुए हैं, लेकिन उप सरपंच द्वारा किया गया अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव लड़ रहे थे तो सभी ने फार्म में अपने द्वारा कोई भी अतिक्रमण नहीं होना बताया था, ऐसे में उपसरपंच ने भी फॉर्म में अतिक्रमण नहीं करना लिखा है, लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण किया गया है, इस पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए मतदान संपन्न, मतगणना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए आज जिला न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष, महिला-पुरूष उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 14 पदों के लिए मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी सहित विभिन्न पदों के लिए कुल 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

#### 84.4% मतदाताओं ने किया मतदान

सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए 655 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इसमें से 579 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान मतदाताओं की अधिक संख्या को देखते अलग-अलग पोलिंग बूथ भी बनाए गए थे। वहीं मतदान करने के बाद मतदाताओं को चॉकलेट खिलाकर उनका मुंह मीठा भी कराया गया।




#### 23 प्रत्याशियों के बीच चुनाव

अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के अरूण कुमार अनोखे, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, नारायण कन्नौजे, यमन कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष पद पुरूष के लिए अमिताप कुमार श्रीवास्तव, अशोक देवांगन, मोरध्वज साहू, राधेश्याम बंजारे, विनोद कुमार ठाकुर, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए जया श्रीवास्तव, श्रीमती वीणा साहू, सचिव पद के लिए दोहन सिंह टंडन, रवि कुमार बोधानी, संतोष रजक, कार्यकारिणी पुरूष सदस्य के लिए अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, गुरूशंकर नेताम, नरेश कुमार गंजीर, संजीव श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, सह-सचिव पद के लिए महेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष महिला आरक्षित पद के लिए स्मिता गुप्ता, सुषमा चौहान के बीच मतदान संपन्न हुआ। दो पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। जिसकी घोषणा भी मतगणना के दौरान होगी। मतों की गणना 30 जुलाई की सुबह 11 बजे से की जाएगी। मतगणना को लेकर भी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के लिए अलग-अलग गणना टेबल लगाए गए हैं।

## बाइक में शराब ले जाते पकड़े गए

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से वाहन व शराब जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 28 जुलाई की रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ कि दो लड़के पारीकला से भेड़ीकला की ओर मात्रा से अधिक अवैध शराब बिक्री के लिए बाइक में ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार कर ग्राम भेड़ीकला से पारीकला जाने वाले मार्ग के पास नाकाबंदी कर वाहनों को चेक किया जा रहा था कि मुखबीर के बताए अनुसार बाइक को रोककर तलाशी लेने पर आरोपी परमेश्वर उर्फ गोलू साहू 25 साल व कमल कुमार उर्फ पप्पू साहू 30 साल दोनों भाठागांव के कब्जे से 90 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन कीमती 7200 रुपए व बाइक को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया।

## लोकार्पण और गौ-चिकित्सा केंद्र का भूमिपूजन आज

- आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव द्वारा गौसेवा एवं गौसंवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते कल 30 जुलाई को सुबह 11.30 बजे नवीन गौछाया परिसर का लोकार्पण तथा आधुनिक गौ-चिकित्सा एवं गौछाया परिसर का भूमिपूजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गौशाला परिसर (जीई रोड स्टेडियम के पास) राजनांदगांव में संपन्न हो रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव, राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल सहित समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया, सुरेशचंद कांकरिया, दानमल पोरवाल एवं जेठमल बोहरा उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर स्व. मनोहरचंद चोपड़ा की स्मृति में निर्मित नवीन गौछाया परिसर का लोकार्पण किया जाएगा। वहीं स्व. चंचलबाई आसकरण कोचर की स्मृति में कोचर परिवार के विशेष सहयोग से निर्माणाधीन आधुनिक गौ-चिकित्सा परिसर तथा स्व. श्रीमती फूलुबाई संपतलाल श्रीश्रीमाल की स्मृति में श्रीश्रीमाल परिवार के विशेष सहयोग से निर्माणाधीन गौछाया परिसर का भूमिपूजन संपन्न होगा। इस प्रस्तावित पशु चिकित्सालय में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश के उपचार, ऑपरेशन, एक्स-रे तथा स्कैन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### कलेक्टर ने उद्योगों को सोलर ऊर्जा अपनाने दिए निर्देश

# हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उद्योगों में हरित ऊर्जा के उपयोग के लिए जिले की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर ने उद्योगों के प्रतिनिधियों से उनके संस्थानों की वर्तमान विद्युत खपत एवं ऊर्जा आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने उद्योगों के प्रतिनिधियों को हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी उद्योगों से अपने संस्थानों में सौर ऊर्जा (सोलर) के माध्यम से विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता देने कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, सहायक श्रमायुक्त समीर मिश्रा सहित जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




#### परियोजनाओं पर कार्य की दी जानकारी

विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने अपने संस्थानों में सोलर परियोजनाओं एवं ऊर्जा उत्पादन की वर्तमान स्थिति तथा भावी योजनाओं की जानकारी दी। कई उद्योगों ने सोलर क्षमता विस्तार, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य किए जाने की जानकारी दी। कुछ उद्योगों ने प्रस्ताव तैयार होने एवं सर्वेक्षण पूर्ण होने की जानकारी देते शीघ्र कार्य प्रारंभ करने की बात कही।

#### माहभर में सोलर संयंत्र करें स्थापित

कलेक्टर ने कहा कि सोलर संयंत्र स्थापना में यदि किसी प्रकार की तकनीकी, प्रशासनिक अथवा अन्य समस्या आती है तो उद्योग प्रबंधन जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी उद्योगों को एक माह के भीतर सोलर स्थापना की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्योगों से कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दें। जिनका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सबसे बड़े हितधारक आसपास के ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक हैं। यदि उद्योग स्थानीय समुदाय के हितों को अपनी विकास दृष्टि से जोड़ेंगे तो उद्योग और समाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## समीक्षा बैठक में प्रत्येक सोमवार को लेकर विशेष तैयारियों पर जोर

# कांवड़ यात्रा मार्ग, विश्राम स्थलों व मंदिर परिसरों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास में शिव भक्त पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ पवित्र जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं और क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हैं। इसी सब तैयारियों को लेकर पवित्र सावन मास में मध्यप्रदेश के नर्मदा नगरी अमरकंटक से जल लेकर भगवान बूढ़ा महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिले में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बूढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से लेकर भोरमदेव, राजानवागांव, डोंगरिया और मुंगेली जिला के ग्राम खुड़िया तक विभिन्न विश्राम स्थलों, कांवड़ यात्रा मार्ग एवं मंदिर परिसरों का साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात और ठहरने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सावन माह में हजारों कांवड़ियां और श्रद्धालु इस मार्ग से यात्रा करते हैं। उनकी सुविधा के लिए विभिन्न पड़ावों पर विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अमरकंटक में कांवड़ियों के लिए विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 20-20 लाख रुपए की लागत से खुड़िया और लमनी में प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया हैं। उन्होंने आज इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भोरमदेव में कांवड़ियों के लिए तैयार किए जा रहे विश्राम स्थल एवं स्वदेश दर्शन योजना के तहत निर्माणाधीन हॉल का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि हॉल के एक हिस्से की तत्काल साफ-सफाई कर उसे कांवड़ियों के ठहरने योग्य बनाया जाए, ताकि सावन माह में श्रद्धालु इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों। निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूर्ण होने तक नियमित निगरानी रखें तथा कहीं भी तकनीकी कमी या गड़बड़ी दिखाई देने पर तत्काल सुधार सुनिश्चित करें, ताकि बाद में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।



### खुड़िया में 20 लाख से बनाया गया है प्रतीक्षालय

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से खुड़िया में लगभग 20 लाख रूपए की लागत से कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षित पड़ाव के रूप में आधुनिक प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए भवन के सामने समतलीकरण कराने तथा पूरे परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सावन माह के दौरान कांवड़ियों की सुविधा और आपातकालीन चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए पूरे श्रावण मास तक एक एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने भोरमदेव परिसर में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर पूरे सावन माह के दौरान कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर पूर्व तैयारी पूरी करें। उन्होंने मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग, पेयजल, विश्राम भवन, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

# भोरमदेव मंदिर में महाचतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् का भव्य समापन

■ 1008 कलशों से हुआ महाअभिषेक, शास्त्रीय नृत्य से हुई शिव आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक भोरमदेव महादेव मंदिर में पिछले पांच दिनों से चल रहे महाचतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् 2026 का बुधवार गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य समापन हो गया। श्री महा दिव्य देशम् फाउंडेशन (एसएमडीडीएफ) और भोरमदेव सनातन तीर्थ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महाअनुष्ठान के अंतिम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 1008 पवित्र कलशों के जल से भगवान भोरमदेव का महाअभिषेक संपन्न किया गया।

नृत्य व संगीत से शिव आराधना समापन के अवसर पर उषा पूजा, शिवलिंग निमज्जनम और सायंकाल श्रीचक्र पूजा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान शिव के नटराज स्वरूप को समर्पित विशेष शास्त्रीय नृत्य और संगीत के जरिए आराधना की गई।

केरल से आए आचार्यों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों-नादस्वरम, चेंडा और मृदंगम की मंगलध्वनि के बीच प्रस्तुत की गई नृत्य अर्चना से संपूर्ण मंदिर परिसर शिवमय हो गया। सनातन परंपरा में इस तरह की संगीत व नृत्य अर्चना को ईश्वर उपासना का अत्यंत दिव्य माध्यम माना जाता है। अनुष्ठान के पांचवे दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन महाराज, विहिप के प्रांत प्रमुख डॉ ललित माखीजा, ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, श्रीकांत उपाध्याय, कामू बैगा, तुकाराम चंद्रवंशी समेत भगवान भोरमदेव के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# सर्वर-नेटवर्क बाधा बनी बड़ी चुनौती : फेडरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम को लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक व सोमवार को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण किए जाने के निर्देश पर पुनर्विचार करने की मांग की गई।

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि संचालनालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार केवल ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण करना वर्तमान परिस्थितियों में व्यावहारिक नहीं है। प्रदेश के अनेक विद्यालयों में सर्वर, नेटवर्क, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा तकनीकी समस्याओं के कारण ऑनलाइन उपस्थिति नियमित रूप से दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में तकनीकी त्रुटियों के कारण किसी भी शिक्षक या कर्मचारी का वेतन प्रभावित होना न्यायसंगत नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में सभी शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति नियमित रूप से ऑफलाइन उपस्थिति पंजी में दर्ज की जाती है तथा उसका सत्यापन संबंधित प्रधान पाठक/प्राचार्य द्वारा किया जाता है। इसलिए ऑनलाइन व्यवस्था पूरी तरह सुचारु होने तक वेतन आहरण प्रमाणित ऑफलाइन उपस्थिति पंजी के आधार पर किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की मांग की गई है।

फेडरेशन ने आशा व्यक्त की है कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन एवं शिक्षा विभाग इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए किसी भी शिक्षक का वेतन तकनीकी कारणों से प्रभावित नहीं होने देगा। इस दौरान प्रेम नारायण शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, केशलाल साहू, शंकर लाल पाली, लोकेंद्र चंद्रवंशी, धर्मदास कुर्रे, झूमुक लाल बंछोर, सरजू नेताम, संजय साहू, उमेश ठाकुर, मुकेश चंद्रवंशी, राजेश भगत, रामचंद्र साहू, प्रदीप मंडावी, विपिन, ओसन साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित थें।

## अशोका स्कूल में उत्साह से मनाई गई गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने महर्षि वेदव्यास एवं परम पूज्य श्री रविशंकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कृत आचार्य दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालक पवन देवांगन ने गुरु के महत्व और भारतीय संस्कृति में महर्षि वेदव्यास के योगदान पर प्रकाश डाला। संचालिका सारिका देवांगन ने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा एवं संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने विद्यार्थियों से गुरु, माता-पिता एवं भारतीय संस्कृति का सम्मान करने का आह्वान किया। उक्त समस्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी पीजीटी हिन्दी अशोक कुमार इनवाती के द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### रहमान कापा में विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**पंडरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास की जांच की गई। डॉ भावना साहू (एएमओ) ने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उबला एवं स्वच्छ पानी पीने, नाखून नियमित काटने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत आवश्यकता अनुसार संबंधित विद्यार्थियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य भी विद्यालय की प्राथमिकता है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो पाता है। प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे शिविरों को बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे, शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर, लैब टेक्नीशियन वेद चंद्राकर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुम्हारिन सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर चिरायु टीम ने विद्यालय परिवार की सराहना की।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा की मासिक बैठक संपन्न



**कोलेगांव।** कुण्डा स्थित मंडी परिसर भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में हुआ, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं ब्लॉक प्रभारी दिनेश कोसरिया विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर तक कांग्रेस को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श कर सभी की राय जानी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में नवीन जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में आम नागरिक, किसान और युवा विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बिजली कटौती, महंगाई, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, अधिक बिजली बिल, स्मार्ट मीटर तथा नीट परीक्षा से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विषयों पर कांग्रेस लगातार जनता की आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि यदि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य करेगा तो भविष्य में कांग्रेस को और अधिक मजबूती मिलेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। सभी ने आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल, दिनेश कोसरिया, उत्तरा दिवाकर, श्रीमती अन्नपूर्णा, गोपाल चंद्राकर, गुरुदत्त शर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, साधे राम, अनंत, दिनेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### रवेली में मेगा पालक बैठक व शाला प्रवेशोत्सव संपन्न

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रवेली में शाला प्रवेश उत्सव, मेगा पालक बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र में श्रीफल, दीप प्रज्वलित व पूजन अर्चना के पश्चात अतिथि सम्मान नव प्रवेश बच्चों को निःशुल्क पाठयपुस्तक गणवेश वितरण मुंह मीठा कराके कराया गया, जिसमें पालकों की सहमति से एक सफेद यूनिफॉर्म पर सहमति प्रदान की सरपंच, पंच, शाला प्रबंधन समिति, पालक गण चर्चा में अहाता, जर्जर शाला भवन व पुराने अति जर्जर भवनों को डिस्मेंटल हेतु सरपंच प्रस्ताव दिया गया। विद्यार्थियों की स्तर में सुधार, शाला त्यागी अप्रवेशी के लिए पालक सम्पर्क कर मूलाधारा जोड़ने आदि विषयों पर चर्चा किया गया। सरपंच प्रतिनिधि नेहा दिनेश झरिया, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामधार साहू, शिवकुमार साहू, रामचंद कुर्रे, जयकुमार, धर्मदास, नरेंद्र साहू, वीरेंद्र, दिनेश, परमेश्वर, हेमंत, श्रीमती सावित्री बाई, लक्ष्मी, साहू, सोना साहू, सोना धुर्वे, जगदीश साहू व प्रधान पाठक रामसिंह साहू, शिक्षक ज्योति प्रकाश चंद्राकर, नम्रता झा, श्रीमती संध्या भूआर्य व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# कांग्रेस पार्षदों ने लगाया विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

■ 10 दिन में मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



नगर पालिका परिषद पंडरिया में विकास कार्यों में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष सुनील ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक के दबाव में कांग्रेस पार्षदों के वार्डों की उपेक्षा की जा रही है, जिससे नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने तथा किसी भी प्रकार का भेदभाव समाप्त करने की मांग की गई।

ज्ञापन में पार्षद निधि से जनहित के कार्यों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, नए पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देने, थाना के सामने निर्मित चौपाटी में जरूरतमंदों को दुकान एवं वेंडिंग जोन आवंटित करने, वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 14 में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा नेता प्रतिपक्ष के लिए नगर पालिका में कार्यालय कक्ष उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस संगठन के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंद्रभान टंडन, राजकिरण ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश सावरा, सुजीत कुम्भकार सहित कांग्रेस के पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# भूपेश बघेल ने माकरी में शोक संतप्त परिवार से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम माकरी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक दिवसीय दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राजेश शुक्ला के निवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने राजेश शुक्ला एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें सांत्वना दी।

इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थें। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम रापा, कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्रीय विषयों पर चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। इस अवसर पर कुंडा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

माकरी में राजेश शुक्ला के निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, अर्जुन तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, नवीन जायसवाल, अशोक ठाकुर, चिंतामणि त्रिपाठी, उत्तरा दिवाकर, श्रीमती अन्नपूर्णा, गोपाल चंद्राकर, दिनेश कोसरिया, उत्तरा चंद्राकर, गुरुदत्त शर्मा, आनंद सिंह ठाकुर, श्रीमती ममता विजय शुक्ला, जितेंद्र चंद्राकर, गोरे चंद्राकर, ईश्वर शरण, दिनेश पाण्डेय सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फांसी पर लटका मिला युवक का संदिग्ध शव

**कवर्धा।** कवर्धा कोतवाली अंतर्गत मजगांव रोड स्थित एक मकान में बुधवार को एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आलोक दुबे के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आलोक दुबे एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी कारण पुलिस आत्महत्या और अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर साक्ष्य जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### आईटीआई की रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कवर्धा तारो में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेरिट सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक किया जाएगा।
संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष आईटीआई में ड्रोन टेक्निशियन (छः माही), असिस्टेंट टेक्निशियन ड्राई वॉल एंड फाल्स सीलिंग (छः माही) तथा मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग (एक वर्षीय) जैसे तीन नए व्यवसाय प्रारंभ किए गए हैं। इसके साथ ही संस्थान में अब कुल आठ व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है।
संचालित व्यवसायों में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), डीजल मैकेनिक, वेल्डर (फैब्रिकेशन एंड फिटिंग), फिटर, विद्युतकार (इलेक्ट्रीशियन), ड्रोन टेक्निशियन, असिस्टेंट टेक्निशियन ड्राई वॉल एंड फाल्स सीलिंग तथा मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग शामिल हैं।

# कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन का फीडर अलग करने ग्रामीणों की मांग तेज

■ एक गांव में फाल्ट होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली होती है बंद, किसान और उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कोलेगांव सब स्टेशन का अलग फीडर नहीं होने के कारण एक गांव में बिजली लाइन में खराबी आने पर पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ती है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, धनेली, अमली, मालगी, कुआंमालगी, सेमरकोना, निगापुर, महुआमड़वा, भटरूसे, कंझेटी, पथरी एवं सोमनापुर सहित कई गांव आते हैं। वर्तमान में इन सभी गांवों की बिजली आपूर्ति एक ही फीडर से संचालित होती है। ऐसे में किसी एक गांव की लाइन में तकनीकी खराबी आने पर पूरे फीडर की बिजली बंद करनी पड़ती है, जिससे सभी गांव अंधेरे में डूब जाते हैं।

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार विद्युत विभाग, शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक कोलेगांव सब स्टेशन के लिए अलग फीडर की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे किसानों की सिंचाई, घरेलू कार्य, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन स्थापित है, तब भी उन्हें इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि कोलेगांव का अलग फीडर बना दिया जाए तो किसी अन्य गांव में लाइन खराब होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली बंद करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और अन्य गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन का अलग फीडर शीघ्र स्वीकृत कर संचालित किया जाए, ताकि बार-बार होने वाली लाइन कटौती से लोगों को राहत मिल सके और बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू एवं विश्वसनीय बन सके।

#### एक फाल्ट, पूरा क्षेत्र अंधेरे में

कोलेगांव सब स्टेशन के अंतर्गत दर्जनभर से अधिक गांव एक ही फीडर से जुड़े हुए हैं। ऐसे में किसी एक गांव में बिजली लाइन खराब होने पर पूरे फीडर की सप्लाई बंद करनी पड़ती है। इससे उन गांवों की भी बिजली प्रभावित होती है, जहां कोई तकनीकी समस्या नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि अलग फीडर बनने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।



#### उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

ग्रामीणों के अनुसार अलग फीडर बनने से सिंचाई कार्य बाधित नहीं होगा, घरेलू बिजली आपूर्ति सुचारू रहेगी और अनावश्यक लाइन कटौती से राहत मिलेगी। लोगों का कहना है कि विद्युत सब स्टेशन होने के बावजूद यदि अलग फीडर नहीं है तो इसका पूरा लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेकर कोलेगांव सब स्टेशन का अलग फीडर शुरू करने की मांग की है।

**प्रकोप : करीब दो दर्जन संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप**

# ग्राम मुड़वाही में मलेरिया का प्रकोप, तीन की मौत की खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन इस बात से भली भांति बाकिफ है कि वर्षाकाल के दौरान जिले के वनांचल ईलाकों में मलेरिया, मौसमी बीमारी तथा दूषित पेयजल व दूषित भोजन से उल्टी-दस्त फैलने की संभावनाएं प्रबल होती हैं।

स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन इसे रोकने और लोगों को इसके लिए जागरूक करने का दावा भी करता है लेकिन ऐसा लगता है कि यह पूरी कवायद सिर्फ कागजों और सरकारी समाचारों तक ही सीमित होता है। यही वजह है कि हर साल की तरह इस साल भी जिले के वनांचल ईलाकों में मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रकोप की खबरें लगातार सामने आ रही है तथा समय पर मरीजों को समुचित ईलाज नहीं मिलने के कारण उनकी मौतें भी हो रही है। ताजा मामला जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत झलमला सेक्टर के बैगा बाहुल्य ग्राम मुड़वाही का है।

जहां पिछले करीब 15 दिनों से मलेरिया के मामले सामने आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मुड़वाही गांव में करीब पिछले 15 दिनों से मलरिया को लेकर हड़ंकप मचा हुआ है। जिसकी जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और कैंप लगाकर ग्रामीणों की मलेरिया जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी तक करीब 1270 से अधिक ग्रमीणों की जांच में अब तक 35 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है, संक्रमित मरीजों में 5 से 6 बच्चे भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि झलमला सीएचसी में 20 संक्रमितों का इलाज जारी है। वहीं इस बात की भी जानकारी सामने आ रही है कि तीन बीमार ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। हालांकि अभी तक विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इनकी मौत मलेरिया की वजह से हुई है या फिर मौत का कारण कुछ और है। लेकिन स्थानीय ग्रामीण इसे मलेरिया से ही मौत बता रहे हैं।

बहरहाल स्वास्थ्य विभाग गांव में मलेरिया फैलने के बाद गांव में मुस्तैद नजर आ रहा है।



#### नहीं बांटी जाती मच्छरदानी

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूर्व के वर्षों में देखने को मिला है कि शासन द्वारा जिले के वनांचल ईलाकों में निवासरत बैगा आदिवासी गरीब परिवारों को मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का वितरण किया जाता रहा है। लेकिन अब लोगों की शिकायत है कि उन्हें शासन द्वारा मच्छरदानी का वितरण नहीं किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस तरह की सरकारी और विभागीय लापरवाही और उपेक्षा के चलते भी वनांचलों में मलेरिया का प्रकोप देखने को मिलता है।

#### बारिश के मौसम में मलेरिया का खतरा

जानकारी के मुताबिक मुड़वाही गांव में हर साल बारिश के मौसम में मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। इस बार भी मलेरिया की खबर सामने आने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने, दवाइयों का वितरण करने और मरीजों की नियमित निगरानी करने की व्यवस्था की है। साथ ही ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, नालियों की नियमित सफाई करने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने और साफ और उबला पानी पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने अमरकंटक रवाना किया अन्नकूट रथ



■ अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में सावन भर चलेगा नि:शुल्क भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन मास के पावन अवसर पर अमरकंटक से कवर्धा तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक में प्रतिदिन निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाएगा।

इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय से भंडारे के लिए आवश्यक भोजन सामग्री से भरे वाहन अन्नकूट रथ को रवाना किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के भगत पटेल, नरेन्द्र मानिकपुरी, रवि राजपूत, खिलेश्वर साहू, प्रवीण परिहार, सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण की उपस्थिति में हर-हर नर्मदे और बोल बम के जयकारों के साथ भोजन सामग्री वाहनों को विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात अमरकंटक के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की इस पहल के अंतर्गत मृत्युंजय आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को निःशुल्क ठहरने और भोजन की सुविधा दी जाएगी।

भोजन में दाल, भात, सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन प्रतिदिन श्रद्धालुओं को परोसे जाएंगे वह भी पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ। मृत्युंजय आश्रम में संचालित इस भंडारे की लोकप्रियता और व्यापक सेवा भाव का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि विगत वर्ष लगभग हजारों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया था। इस वर्ष भी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, की सहभागिता से यह सेवा और भी विस्तार के साथ संचालित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सावन मास में लाखों श्रद्धालु अमरकंटक से जल लेकर भोरमदेव और बुढ़ामहादेव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए पदयात्रा करते हैं। ऐसे में मृत्युंजय आश्रम में संचालित यह भंडारा भक्ति के साथ-साथ सेवा का प्रतीक बन गया है।

# विश्व बाघ दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजानवागांव के इको क्लब वन विभाग के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम वन मंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र अधिकारी किशोर साहू, जय बंजारे, उपवन क्षेत्रपाल लालचंद साहू, लालचंद, विनोद कुमार, हेमू राम, श्रीमती शिव कुमारी गोयल, लालाराम, चैतलाल तथा अन्य वनकर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य सुजीत गुप्ता एवं व्याख्याता शिवेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को भोरमदेव अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें बाघ संरक्षण, जैव विविधता, खाद्य श्रृंखला तथा वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने खेल के माध्यम से बाघ व अन्य कम हो रहे वन्य जीव के शिकार एवं उपयोगिता की अवधारणा को स्पष्ट किया।

# गुरुपूर्णिमा पर श्रद्धा-भक्ति से पूजे गए गुरूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा सहित पूरे जिले में गुरुपूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया।

गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरुजनों के चरणों में नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पूजा-अर्चना कर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मंदिरों, आश्रमों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और गुरु वंदना के साथ आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जिले के अनेक शासकीय एवं निजी विद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से गुरु के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही मार्गदर्शन का आधार होते हैं।

उन्होंने महर्षि वेदव्यास के जीवन एवं उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला, जिनकी जयंती के रूप में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कई संस्थानों में गुरुजनों का सम्मान भी किया गया तथा विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर सत्संग, भजन-कीर्तन और गुरु पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने अपने आध्यात्मिक गुरुओं का सम्मान करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा का संदेश देने वाला गुरुपूर्णिमा का यह पर्व पूरे जिले में सौहार्द, सम्मान और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

#### बैरख स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गुरूपूर्णिमा




**बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल बैरख, माध्यमिक विद्यालय एवं बालक आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गुरु महिमा एवं भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को महान ग्रंथ रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। उनकी स्मृति में इस दिन को गुरु पूर्णिमा एवं व्यास पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

# संत गुरु रविदास जी की 650 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी ने संत गुरु रविदास जी की 650 वीं के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक 7 महीने के राष्ट्रव्यापी संत गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में महामंत्री मनहरण साहू के दिशानिर्देश में भाजपा मण्डल कुण्डा ने कुण्डा के हृदय स्थल में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में संत गुरु रविदास जी का 650 वीं जयंती विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धापूर्वक मनाया। संत गुरु रविदास जी के जयंती पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने सैकड़ों दीप प्रज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

**महिला एवं बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

# जिपं की स्थायी समिति में योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल ने की।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधन एवं मैदानी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा करते हुए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में स्थायी समिति की सदस्य श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं श्रीमती ललिता धुर्वे उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ आनंद कुमार तिवारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव, जिले के सभी परियोजना अधिकारी सीडीपीओ तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रदान किए जाने वाले रेडी-टू-ईट पोषण आहार की परियोजनावार समीक्षा की गई। सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार समय पर पहुंचना चाहिए, जिससे जिले में कुपोषण की दर में प्रभावी कमी लाई जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्रो के सुचारू संचालन के लिए रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।




#### बालगृहों एवं आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर भी समीक्षा

बैठक में जिले के बालगृहों एवं आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। वहां निवासरत बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का आकलन करते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के सुझाव दिए गए।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को याद कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य उमेश पाठक ने विद्यार्थियों को कारगिल की विषम परिस्थितियों और चोटियों की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कारगिल की पहाड़ियों पर जहां विषम मौसम में सामान्य रूप से जिंदा रहना भी कठिन होता है, वहां हमारे वीर जवानों ने डटकर मुकाबला किया और देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

हमें उनके इस अतुलनीय त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान की कुटिल महत्वाकांक्षा और खोखले दुस्साहस को मलबे में मिलाकर कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया।




कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी ओजस्वी भाषण देकर देशप्रेम की भावना जागृत की। इस पूरे आयोजन का सफल संचालन योगेश ध्रुव ने किया। कार्यक्रम के दौरान राकेश गौतम, पुखराज भारद्वाज सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।